स्मार्ट स्नेक-ट्रैपिंग डिवाइस

चर्चा में क्यों?

22 अगस्त, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार उत्तराखंड के देहरादून स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडीज़ (यूपीईएस) के शोध छात्रों ने सांप पकड़ने वाला ऐसा उपकरण तैयार किया है, जो पलक झपकते ही बिना किसी को नुकसान पहुँचाए सांप को पकड़ लेगा।

प्रमुख बिंदु

- स्मार्ट स्नेक-ट्रैपिंग डिवाइस नामक इस परियोजना को केंद्र सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने अपनी मंज़ूरी दी है। अब यूनिवर्सिटी की ओर से भारतीय वन्यजीव संस्थान और वन अनुसंधान संस्थान में डिवाइस के परीक्षण के लिये अनुमति मांगी गई है।
- स्मार्ट स्नेक-ट्रैपिंग डिवाइस पर प्रधान अन्वेषक डॉ. नीलू ज्योति आहूजा के नेतृत्व में शोध छात्र हुमा नाज और राहुल चमोला तथा नितिन पासी की टीम काम कर रही है। इस प्रोजेक्ट के तहत आर्टफिशियिल इंटेलिजेंस की मदद से यह डिवाइस तैयार की जा रही है।
- डॉ. नीलू ज्योति आहूजा ने बताया कि इस डिवाइस का विकास सर्पदंश से मौत के मामलों को कम करने और विषरोधी दवाओं के विकास में किया जा सकेगा।
- इस डिवाइस सांप को सुरक्षित तरीके से पकड़ने के लिये विशेषतौर पर डिज़ाइन किया गया है। इसमें एक कृत्रिम शिकार, माइक्रोकंट्रोलर, जीएसएम मॉड्यूल के साथ कैमरा और इमेज प्रोसेसिंग एल्गोरिदम लगाया गया है, जो बहुत सुरक्षित तरीके से सांपों को पकड़ सकता है, जबकि अभी तक सांपों को पकड़ने के लिये पारंपरिक तरीकों के साथ स्नेक स्टिक इत्यादि का प्रयोग किया जाता है।
- उन्होंने बताया कि भारतीय वन्यजीव संस्थान और वन अनुसंधान संस्थान देहरादून में डिवाइस के परीक्षण के लिये उत्तराखंड वन विभाग से अनुमति मांगी गई है, ताकि डिवाइस का परीक्षण पूरा किया जा सके।
- इस संबंध में मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक डॉ. समीर सिन्हा ने बताया कि संस्थान की ओर से प्राप्त पत्र अनुमति के लिये शासन को भेज दिया गया है।
- गौरतलब है कि भारतीय वन्यजीव (संरक्षण) के तहत किसी भी वन्यप्राणी पर शोध अनुसंधान इत्यादि के लिये राज्य सरकार की अनुमति लेना आवश्यक है। इसी क्रम में यूनिवर्सिटी की ओर से मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक के माध्यम से शासन को पत्र भेजा गया है।



PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/smart-snake-trapping-device